हिंडौन कृषि मंडी में गेहूं, चने व सरसों की बंपर आवक

हिंडौन सिटी। कृषि मंडी में गेहूं, चना व सरसों के नए फसलों की आवक बनी हुई है। इस वर्ष गेहूं व सरसों की बंपर आवक से व्यापारियों के यहां फसलों के ढेर लगे हुए है। एमएसपी पर गेहूं ओर सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है।

मंडी में राजफेड पर 5650 रुपए प्रति क्विंटल सरसों की खरीद हो रही है। जबकि मंडी में सरसों 5020 से 5100 रुपए प्रति क्विंटल का भाव है। जबकि गेहूं मंडी में 2250 से 2500 रुपए बिकी। वहीं एफसीआई 2400 रुपए में खरीद कर रही है। चना के भी अच्छे दाम मिलने से किसान खुश है। मंडी में सुबह 9 बजे से ही किसान फसलों की बिक्री के लिए विभिन्न साधनों से पहुंच रहे है। हिंडौन, मासलपुर, नादौती, डांग क्षेत्र, खेड़ला से प्रतिदिन गेहूं, चना व सरसों की आवक बनी हुई है।सचिव राजेश कर्दम ने बताया कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मंडी को गत वर्ष की तुलना में सर्वाधिक टैक्स प्राप्त हुआ है। करीब 3 करोड़ 92 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

तेज धूप में पल्लेदार बारदाना में फसलों की पेकिंग करते दिखे। फसल कटाई के उपरांत किसानों द्वारा फसलों की बिक्री शुरू हो गई। जिसमें अप्रैल में गेहूं की आवक शुरू हुई, जबकि सरसों की आवक मार्च से बनी हुई थी।

जिला कलेक्टर का छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने किया स्वागत

धौलपुर। जिले में ट्रेन वाली स्कूल के नाम से चर्चित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शेरपुर में छुट्टी से कुछ समय पहले अचानक जिला कलक्टर श्री निधि बीटी पहुंच गए। जिला कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्र एवं शिक्षक अचंभित रह गए।जिला कलक्टर बीटी के स्कूल पहुंचने पर संस्था प्रधान राजेश शर्मा व बाल संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी ने स्कूल की कक्षाओं में पहुंचकर छात्रों के शिक्षण के स्तर, विद्यालय के ट्रेन, हेरिटेज, लाइब्रेरी व तिरंगे के स्वरूप सहित व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सरकारी स्कूल में इस तरह आकर्षक स्वरूप व्यवस्थित व्यवस्थाओं साफ सफाई तथा छोटे से गांव में बेहतरीन नामांकन की जमकर तारीफ कर संस्था प्रधान राजेश शर्मा व स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों की मेहनत की सराहना की।

युवा जिला कलक्टर की सादगी को देखकर स्कूल के छात्र ,शिक्षक एवं ग्रामीण उनके मुरीद हो गए।जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि विद्यार्थी समाज एवं देश की अमूल्य धरोहर है। इन्हें अच्छी शिक्षा और अनुकूल माहौल मिले इसके लिए सरकार एवं शिक्षकों के साथ भामाशाहों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

इन दिनों परीक्षाओं का सीजन चल रहा है। बच्चे शिक्षकों द्वारा पढ़ाये गये पाठ्यक्रम का रिवीजन और कड़ी मेहनत कर खूब पढ़कर आगे बढ़े। मेहनत के बल पर हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि शेरपुर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत इस स्कूल में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए बाल संसद का गठन कर स्कूल के विकास में छात्रों को जिम्मेदारी सौंप रखी है वह काबिले तारीफ है।

प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचल के किसान मजदूर के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल व प्राइवेट स्कूल जैसा विद्यालय और केंपस मिले इसके लिए स्कूल को विशेष डिजाइन में तब्दील कराया गया है और लगातार भामाशाहों की मदद लेकर छात्रों के लिए सुविधाएं जुटाई जा रही है। उन्होंने जिला कलेक्टर को स्कूल में विषय अध्यापकों की कमी से अवगत कराते हुए और स्कूल के खेल मैदान को विकसित कराने का आग्रह किया।

इस से पहले स्कूल पहुंचने पर जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी का संस्था प्रधान राजेश शर्मा, अभिभावक डॉ. अतर सिंह बघेल , साहब सिंह, एसएमसी अध्यक्ष खरगजीत,स्कूल की बाल संसद में शिक्षामंत्री के रूप में कार्य कर रही छात्रा भारती बघेल, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण मंत्री देवकीनंदन, खेल मंत्री मोहित कुमार ,सांस्कृतिक मंत्री अंजली, बागवानी मंत्री जोगेंद्र ने माल्यार्पण एवं पुष्प देकर स्वागत किया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षिका रागिनी त्रिवेदी, अध्यापक शैलेंद्र सिंह, अमित कुमार शर्मा, गजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, बिरखूलाल मौजूद रहे।

शेरपुर विद्यालय में संस्था प्रधान राजेश शर्मा से जिला कलक्टर श्री निधि बीटी स्कूल के विकास पर चर्चा की।

सार-समाचार

लोगों को मिली गर्मी से राहत

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न उपखंडों क्षेत्र के गांव में शुक्रवार को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे से 10 मिनट तक मेघ गर्जना के साथ बूंदाबांदी हुई। वहीं आसमान में बादल छाने और सुबह हुई बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट आ गई। गौरतलब है कि गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से तेज गर्मी और धूप निकलने से गर्मी का एहसास हो रहा था। गर्मी का आलम यह था कि दिन के समय ही नहीं बल्कि रात के समय भी लोगों को कूलर चलाना पड रहा था। शुक्रवार को सुबह आसमान में बादल छाए हुए थे। करीब 7 बजे आसमान में काली घटाएं छा गई और इसके कुछ देर बाद ही आसमान में बादल गरजने लगे और बिजलियां कडकने लगी। इतनी जल्दी सुबह एकाएक मौसम को बदलते देखा लोगों को बारिश आने का संकेत मिल गया। इसके कुछ ही देर बाद में मेघ गर्जना के साथ तेज बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही, जिसके कारण कई जगहों पर सडकें गीली हो गई। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट आ गई। वहीं दोपहर बाद फिर एक बार मौसम ने पलटा खाया ओर तेज हवाओ के साथ आसमान में बादल छा गए। हवाओं के चलने से मौसम सुहावना हो गया। वहीं गुरुवार को जहां सुबह 9 बजे ही 34 डिग्री टेंपरेचर था, वह शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी के बाद सुबह 9 बजे 31 डिग्री पर आ गया। कृषि विभाग के सहायक अधिकारी चेतराम मीणा ने बताया कि मौसम विभाग के द्वारा शुक्रवार को तेज आंधी और में गर्जना के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ था। शुक्रवार को मौसम का असर फिलहाल अभी ऐसा ही रहने की संभावना है।

28 अप्रेल से वैवाहिक आयोजन रहेंगे बंद

हिंडौन सिटी । क्षेत्र में सर्वाधिक शादियों के सीजन के अप्रैल माह में जमकर बैंडबाजे बजे। शुभ विवाह से जुड़े 18 अप्रैल, 23 अप्रैल को सर्वाधिक मुहूर्तों में मैरिज होम से लेकर खेत खलिहानों में खूब शादियां हुई। वहीं शुक्र अस्त होने पर 28 अप्रैल बाद शादियों पर 9 मई तक ब्रेक है। इसके बाद मई में अबूझ सावे के 3 बड़े मुहूर्तों में शहनाईयों की गूंज सुनाई देगी। इस माह 28 अप्रैल को शादी का अंतिम शुभ मुहूर्त है। इस कारण तेज धूप व 40 डिग्री तापमान में भी शुभ मुहूर्त से एक दिन पूर्व गुरुवार को बाजारों में खरीदारों की भीड़ बनी हुई है। वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक, सर्राफा, बर्तन, ऑटो मोबाइल व दूल्हों के पहनावे की दुकानों पर जमकर बिक्री रही। पिछले एक सप्ताह से बाजारों में ग्राहकी देखकर दुकानदार खुश है। अनुमान है कि अकेले इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ही 7-8 करोड़ रुपए का कारोबार इस माह वैवाहिक सीजन में हो चुका है। विभिन्न कंपनियों की 600 से ज्यादा बाइक्स बिक चुकी है।

41वीं सारस गणना सम्पन्न

भरतपुर (निस)। घना केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी भरतपुर द्वारा एवं वन विभाग के सहयोग द्वारा आयोजित 41वीं सारस गणना का आयोजन 99 वर्षीय पंडित रामकिशन पूर्व सांसद एवं काका रघुराज की अध्यक्षता में केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सम्पन्न हुई इसमें करीब 300 स्कूल के बच्चों एवं नेचर गाइडस, वन कर्मियों एवं रिक्शा नेचर गाइड वन्यजीव प्रेमियों ने भाग लिया पार्क एवं जिला को 17 जोन्स में विभाजित कर विभिन्न टीम भेजकर गणना की गई। भरतपुर घना केवलादेव हिस्ट्री सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार एडवोकेट ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सारस को बचाना ही पर्यावरण को बचाना है। पर्यावरण को बचना मानव अस्तित्व को बचना है, अर्थात सारसों को बचाना स्वयं को बचाना है। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों से अपील की वह आगे आये और इस दुनिया की अद्भुत एवं अद्वितीय देन केवलादेव घना को बचाये उन्होंने कहा कि सारस गणना का मूल उद्देश्य आमजन को पर्यावरण सरंक्षण से जोड़ना है। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि पंडित रामकिशन ने कहा कि विश्व आज विनाश के कगार पर पहुँच रहा है। इसमें पर्यावरण एक बहुत बड़ा कारण है। अगर हमने पर्यावरण को नहीं बचाया तो मानव जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। उन्होंने कहा कि ई.आर.सी.पी. आने वाले समय में अगर समयावधि से पूरा हुआ तो निश्चित रूप से भरतपुर जिले को एवं केवलादेव पार्क एवं सुजान गंगा को लाभ होगा ज्ञात रहे कि पिछले 30 वर्षों में पंडित रामकिशन ने भरतपुर जिले हेतु पानी के लिए बहुत संघर्ष किया है।

जिला प्रभारी ने किया निरीक्षण

धौलपुर। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर से नियुक्त जिला प्रभारी दीपक शर्मा एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय धौलपुर का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला प्रभारी दीपक शर्मा को विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया गया। उन्होंने सहायक निदेशक मुकेश कुमार एवं विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ कार्यों को लेकर बैठक ली। उन्होंने आमजन से सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथोचित निस्तारित करने के लिए कहा।बैठक में जन आधार के समस्या समाधान, फसल कटाई प्रयोग, एसडीजी, प्रकाशन, एएसआई, स्थानीय निकाय लेखे, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, ईग्राम, संस्था आधार आदि कार्यों पर चर्चा की गई। उन्होंने जिला कार्यालय में भवन की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिये एवं विभागीय कार्यों की समय पर अक्षरशः पालना करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मकान का गिरा छज्जा, 11 लोग घायल

धौलपुर। धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सागरपाड़ा मोहल्ले में एक मकान का छज्जा टूटकर गिरने से 11 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज के लिए लाया गया। जहां ट्रॉमा वार्ड में घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मकान के छज्जे पर खड़े सभी लोग कॉलोनी में हो रहे झगड़े को देख रहे थे।

ज्ञान केन्द्र संचालकों का सम्मान समारोह आयोजित

भरतपुर (निस)। राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन द्वारा डैश स्किल एडुट्रेन के सहयोग से शुक्रवार को भरतपुर, करौली एवं अलवर जिलों में कार्यरत ज्ञान केन्द्रो में से 25 उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज्ञान केन्द्र संचालकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता आरकेसीएल के चीफ फाइनेन्स ऑफिसर दिनेश खण्डेलवाल मौजुद रहे। जबकि विशेष अतिथि के रूप में आरकेसीएल के क्षेत्रीय प्रबन्धक विशाल चक्रवर्ती, महिला अधिकारिता के उपनिदेशक राजेश चौधरी, आरकेसीएल के जिला कार्यक्रम अधिकारी चाँद मौहम्मद, समाजसेवी देवेन्द्र चामड़ और भारतीय किसान संघ के सुधीर चौधरी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शैलेष सिंह ने कहा कि विश्व में तेजी से हो रहे परिवर्तन को देखते हुए कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व बढने लगा है इसके अलावा सभी रोजगारपरक कार्यों में कम्प्यूटर की उपयोगिता महत्वपूर्ण हो गयी है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को कम्प्यूटर का ज्ञान जरूरी है, जिसे आईटी ज्ञान केन्द्र पूरा कर रहे हैं।

उन्होने बताया कि आज सरकारी नौकरियों में भी कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है। इस बजह से सभी युवक-युवतियों को कम्प्यूटर की शिक्षा आवश्यक रूप से प्राप्त करनी चाहिए। उन्होने कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आरकेसीएल एवं डैश स्किल एडुट्रेन के कार्यों की सराहना की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए आरकेसीएल के चीफ फाइनेंस ऑफिसर दिनेश खण्डेलवाल ने कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्र संचालकों को लेखा जोखा रखने, आरएस-सीआईटी प्रशिक्षण के लिए प्राप्त की जाने वाली फीस आदि की जानकारी दी और ज्ञान केन्द्र संचालकों की समस्याओं का समाधान भी किया।

विशेष अतिथि आरकेसीएल के क्षेत्रीय प्रबन्धक विशाल चक्रवर्ती ने शुरू किये जाने वाले नवीन रोजगारपरक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और बताया कि इजी स्कूल सॉफ्टवेयर भी तैयार किया है। जिसके के माध्यम से निजी स्कूल अपने विद्यालय का कामकाज आसानी से कर सकते हैं। उन्होने राज्य एवं तीनो जिलों के ज्ञान केन्द्रों के द्वारा आरएस-सीआईटी में प्रवेश का तुलनात्मक ब्यौरा प्रस्तुत कर सभी से आग्रह किया।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बैठक का आयोजन

भरतपुर (निस)। नगर निगम सभागार में शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की सफल क्रियान्विति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त रिछपाल सिंह बुरड़क ने स्वच्छता सर्वेक्षण में मौजूद सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने स्वच्छता रैंकिंग में तेजी से सुधार करने पर जोर देते हुए सफाई से जुड़े सभी कार्मिकों को पाबंद किया गया है। आयुक्त रिछपाल सिंह बुरड़क ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाना निगम की प्राथमिकता है, साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

रैंकिंग सुधारने के लिए निर्धारित आठ घटकों एवं उनमें मौजूद सभी उपघटकों के तहत कार्ययोजना बनाई गई हैं। रैंकिंग के लिए कुल 9500 मार्किंग निर्धारित हैं उनमें से ज्यादा से ज्यादा अंक लाने के लिए सभी मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक एवं सफाई से जुड़े प्रत्येक कार्मिक को जिम्मेदारी दी गई है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य, सिंगल यूज प्लास्टिक जप्ती कार्यवाही, खाली प्लाटों में जमा गंदगी, डस्टबिन मुक्त शहर आदि से संबंधित कार्यों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में अधिशाषी अभियंता रतन सिंह, सहायक अभियंता पीएस गुर्जर, सीमा मीना, राधेश्याम गुर्जर, सफाई प्रभारी अधिकारी संजय कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक वेदराम एवं सफाई कंपनी के प्रतिनिधी संजय सिंह, दीपक आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में बायोकेमेस्ट्री जांच सुविधा शुरू

करौली (नि.स.)। करौली के जिला अस्पताल में अब बायोकेमेस्ट्री की जांच सुविधा शुरू होने से रोगियों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।करौली के मंडरायल रोड स्थित जिला चिकित्सालय को शिफ्ट हुए करीब 8 वर्ष हो चुके नवीन जिला चिकित्सालय फरवरी 2017 में नवीन भवन में शिफ्ट हुआ था।

इस दौरान वहां एमसीएच विंग संचालित हुई उस समय वहा रक्त जांच की कोई सुविधा नहीं थी रोगी द्वारा चिकित्सक को दिखाने पर जांच लिख दी जाती थी। उस जांच को कराने के लिए रोगी को सामान्य चिकित्सालय आना पड़ता था।

लेकिन अब अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने आमजन की समस्या को देखते हुए जिला अस्पताल में 8 साल के बाद पहली बार बायोकेमेस्ट्री की जांच करना शुरू करवा दिया है। पीएमओ डॉ.मीणा ने बताया कि पहले रोगी को जांच कराने के लिए सामान्य चिकित्सालय आना पड़ता था। इस दौरान उन्हें आने-जाने में करीब 12 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था और भीषण गर्मी,सर्दी और बारिश की मार भी झेलनी पड़ती थी।

लेकिन उनकी समस्याओं को देखते हुए शुक्रवार से जिला अस्पताल में बायोकेमेस्ट्री की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच जिसमें लिवर,किडनी और कोलेस्ट्रॉल के अलावा कई अन्य जांच की जाएगी जिससे रोगी और उनके परिवार जनों को समय के साथ-साथ आर्थिक मार भी नहीं झेलनी पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि दिनों दिन अस्पताल की व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वह अस्पताल को अपना घर समझे और साफ सफाई को देखते हुए गंदगी ना फैलाएं इसमें अस्पताल प्रशासन का भी सहयोग करे।

करौली जिला अस्पताल में जांच मशीनों को देखते बाये से प्रथम डॉ. रामकेश मीना।

राम सिंह गुर्जर की पार्थिव देह पंच तत्व में विलीन

महुवा। महुवा उपखंड क्षेत्र के सलेमपुर थाना गांव निवासी रामवीर गुर्जर 77 आर्म्ड रेजीमेंट नांभा पटियाला पंजाब में तैनात रामवीर गुर्जर को शहीद होने पर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव सलेमपुर थाना में सैनिक सम्मान के साथ उनकी देह को पंचतत्व में विलीन किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार सलेमपुर थाना निवासी रामवीर गुर्जर जो पटियाला में सेवा में कार्यरत थे उनको को श्वास लेने में परेशानी आने पर सेना के साथी अस्पताल लेकर गए लेकिन रास्ते में ही हृदय गति रूकने से शहीद हो गए जिसकी सूचना स्थानीय प्रशासन एवं परिजनों को मिली स्थानीय प्रशासन द्वारा सलेमपुर थाना परिजनों को सूचना की गई सूचना मिलते ही परिजन सलेमपुर से पंजाब के नांभा शहर रवाना हो गए पंजाब के नाभा पटियाला में 77 आर्म्ड रेजीमेंट में नायक सूबेदार के पद पर तैनात रामवीर सिंह गुर्जर उम्र 31 साल की हृदय गति रूकने से शहीद हो गए थे जिनकी पार्थिव देह को सेना के ट्रक द्वारा तिरंगे में लपेटकर सलेमपुर गांव लाया गया।

पेट्रोल पंप से शहीद रामवीर की पार्थिव देव को शहीद रामवीर सिंह अमर रहे के जयकारों के साथ बाइक रैली के रूप में घर एवं अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाया गया इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा रामवीर सिंह अमर रहे जैसे नारों से आसमान गूंजायमान कर दिया शहीद रामवीर सिंह 21 दिसंबर 2010 को अलवर में 77 आर्म्ड रेजीमेंट में भर्ती हुए थे।

ईबीवीएम में दर्ज हुआ 13 लोकसभा सीट के प्रत्याशियों का भाग

गंगापुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आमचुनाव-2024 का द्वितीय चरण निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। जिले में टोंक- सवाई माधोपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गंगापुर सिटी, वजीरपुर, बामनवास क्षेत्र में आमचुनाव 2024 की जमीनी स्तर पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी एवं पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने सुबह से देर शाम मतदान समाप्ती तक दिन भर सम्पूर्ण जिले का दौरा कर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और निर्वाचन आयोग की मुहिम को जिले में सफल बनाया। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भयग्रस्त, संवेदनशील व अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर माकूल कानून एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की क्रियान्विति को सुनिश्चित किया गया। साथ ही मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान युद्ध स्तर पर हेला टोली एवं स्वीप टीम को भी संबन्धित चुनावी क्षेत्रों में कार्यरत रहे जिन्होंने मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वेबकास्टिंग केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया।

चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं के वार्षिक पंचांग का विमोचन किया

भरतपुर (निस)। आमजन को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय की प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल उपाधीक्षक एवं संभागीय समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा एक साल तक हर महीने आयोजित किए जाने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की जानकारी के लिए तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया।

प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल ने बताया कि आमजन को अधिक से अधिक आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके उसके लिए विभिन्न रोगों का श्रृंखलाबद्ध तरीके से हर महीने चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं के आयोजन से आमजन को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। उपाधीक्षक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि 30 अप्रैल को पंचकर्म चिकित्सा शिविर जिसमें कमर दर्द सर्वाइकल, घुटनों का दर्द, फ्रोजन शोल्डर आदि रोगों का निःशुल्क परामर्श एवं उपचार 10 मई को वृद्धावस्था में होने वाले रोगों का परामर्श एवं उपचार 24 मई को शल्य चिकित्सा शिविर जिसमें अर्श भगंदर फिस्टूला आदि रोगों का परामर्श एवं उपचार 4 जून को नाक कान गला एवं मुंह से संबंधित रोग एवं 24 जून को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 5 जुलाई को हृदय रोगों से संबंधित शिविर एवं कार्यशाला 24 जुलाई को मधुमेह रोग चिकित्सा शिविर एवं कार्यशाला 5 अगस्त को महिलाओं से संबंधित रोगों का परामर्श एवं उपचार शिविर 24 अगस्त को हृदय रोगों से बचाव हेतु जागरूकता कार्यशाला 5 सितंबर को उदररोग एवं 23 अगस्त को मौसमी बीमारियों से संबंधित शिविर एवं कार्यशाला 5 अक्टूबर को योग चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं 25 अक्टूबर को शल्य चिकित्सा शिविर एवं कार्यशाला 5 नवंबर को नाक कान गले से संबंधित शिविर एवं कार्यशाला उसी तरह 5 और 23 दिसम्बर को मौसमी बीमारियों और जरावस्था जन्य रोगों का परामर्श एवं उपचार शिविर 3 और 24 जनवरी को बच्चों से संबंधित चिकित्सा शिविर 5 और 24 फरवरी को पंचकर्म एवं स्त्री रोग चिकित्सा शिविर एवं 4 और 24जून को सामान्य रोगों से संबंधित चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर निशुल्क उपचार किया जाएगा। विमोचन के अवसर पर डॉ यशपाल सिंह डॉ राजकुमार शर्मा डॉ ललिता मीणा डॉ रेनू वर्मा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ मोहन स्वरुप शर्मा डॉ नूपुर सिंह डॉ शैलेश शर्मा लेखाधिकारी के के शर्मा नर्सिंग अधीक्षक विजय सिंह छेदा लाल शर्मा मोरध्वज सिंह अजय शर्मा मीनाक्षी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे। सभी का आभार व्यक्त प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल द्वारा किया गया।



चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं के वार्षिक पंचांग का विमोचन किया गया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

करौली (नि.स.)। करौली महिला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला थाना अधिकारी मंजू फौजदार ने बताया कि गत 1 अप्रैल को कैलादेवी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिक पुत्री के साथ बलात्कार के संबंध में थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि पोस्को एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया और तुरंत कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी उन्होंने बताया कि आरोपी विजय सिंह मीणा उक्त घटना के बाद से ही फरार चल रहा था जिसको गिरफ्तार करने के लिए गठित टीम द्वारा कई बार उनके घर एवं संभावित स्थानों पर दबिस दी गई लेकिन आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ रहा था। उन्होंने बताया कि एक बार फिर गठित टीम द्वारा आरोपी विजय सिंह पुत्र रामचरण मीना 34 निवासी मोहनपुरा खोहरी थाना कैलादेवी को दीपपुरा बस स्टैंड से दस्तयाव कर अनुसंधान अधिकारी थाना अधिकारी मंजू फौजदार के समक्ष पेश किया गया।

आरोपी विजय सिंह मीणा को पोस्को एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया की गठित टीम में स्वयं थाना अधिकारी मंजू फौजदार, हैड कांस्टेबल अरविंद चतुर्वेदी,कांस्टेबल रामावतार, उदय सिंह, चालक ओंकार सिंह, महिला कांस्टेबल राजरानी शामिल थी।

लघु उद्योग भारती द्वारा स्थापना दिवस समारोह मनाया

भरतपुर (निस)। लघु उद्योग भारती मुख्य इकाई भरतपुर द्वारा 30 वां स्थापना दिवस समारोह चेंबर ऑफ कॉमर्स नई मंडी में बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह मगगो प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (बीईएसएल) भरतपुर, विशिष्ट अतिथि कृष्ण मुरारी अग्रवाल अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स भरतपुर एवं राकेश बंसल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लघु उद्योग भारती जयपुर प्रांत द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष अमित अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया है और लघु उद्योग भारती के बारे में विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। उनके द्वारा बताया गया की 25 अप्रैल 1994 में में लघु उद्योग भारती की स्थापना की गई थी। आज साढ़े पाँच सौ जिलों में 930 इकाइयों के साथ 50000 सदस्यों की संख्या के साथ लघु उद्योग भारती कार्य कर रही है। इसमें 50 महिला इकाइयां भी कार्यरत हैं लघु उद्योग भारती सूक्ष्म और लघु उद्योगों के हित के लिए कार्य करती है।

मुख्य वक्ता महेन्द्र सिंह मगगो द्वारा बताया कि स्थापना दिवस में उद्यमी सम्मान, श्रमिक सम्मान, सामाजिक सेवा कार्य को किया जाए। उनके द्वारा उद्यिमयों से आवाहन किया गया कि उद्योगों से संबंधित छोटी-बड़ी किसी भी प्रकार की समस्या को मंच के माध्यम से उठाया जाए और उसके निवारण के लिए लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि लघु उद्योग देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रखते हैं। सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला लघु उद्योग ही है हमें सरकारी विभाग और उद्यिमयों के बीच सामंजस्य से बिठाकर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि उद्योगों को बिना किसी परेशानी के बिजली की आपूर्ति करते रहेंगे और उद्योग में बिजली संबंधित किसी भी समस्या के लिए वह हमेशा हर समय उपलब्ध रहेंगे। चैंबर्स अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि सभी संगठनों को एक साथ मिलकर समस्या निवारण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा जितना बड़ा संगठन अपनी समस्याओं के लिए कार्य करेगा उसका समाधान इतनी जल्दी हो जाएगा क्योंकि संगठन में ही शक्ति है। संभागीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष द्वारा एनसीआर, टीटीजेड और तेल मिलो को जीएसटी रिफंड ना मिलने की समस्या से अवगत कराया गया। सदस्य मुकेश बंसल द्वारा नगर निगम द्वारा उद्योग क्षेत्र में टैक्स के लिए दी जा रही नोटिस की जानकारी दी गई। देवेंद्र चामड द्वारा पुराने औद्योगिक क्षेत्र में जमीन ट्रांसफर पर लगी रोक के बारे में बताया गया। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राकेश बंसल द्वारा सभी समस्याओं को नोट कर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। संस्था द्वारा नए सदस्यों मनु गोयल, विभोर बंसल, नीरज मित्तल का स्वागत अभिनंदन किया गया।